Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in

मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1034 / W-19 / 287 दिनांक 16.05.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः– सोशल मिडिया पत्र ई–आई नेस्ट लाइव में प्रकाशित खबर "बंवधर में जल जीवन मिशन योजना अधूरी, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सोशल मिडिया पत्र ई–आई नेस्ट लाइव में दिनांक 16.05.2026 को प्रकाशित खबर **"बंवधर में जल जीवन मिशन योजना अधूरी, ग्रामीण परेशान"** शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम बावंधर को में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना में बावंधर जोन–65 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 06 राजस्व ग्राम(बावंधर, भभई, हिनौता बलराज, हिनौता संग्राम, हिनौती दुनिया एवं कोरारी) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(75के0एल0/18मी0), वितरण प्रणाली–22855मी0, हाउस कनेक्शन 373 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 50 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 14500 मी0, राईजिंग मेन 80 प्रतिशत एवं बाउण्डीवॉल 70 प्रतिशत का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है।

**उल्लेखनीय है कि जनपद प्रयागराज में** जल जीवन मिशन फेज–4 कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील बारा के 02 विकास खण्डों (जसरा एवं शंकरगढ) के 276 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म **मेसर्स विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लि०. जोधपुर** द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 276 राजस्व ग्राम को 74 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (55 MLD)–72%, एक नग WTP (44 MLD)– 80%, तथा वितरण प्रणाली 2329.00 किमी० के सापेक्ष 2323.00 किमी०. तथा शिरोपरि जलाशय 74 के सापेक्ष 29 नग के कार्य पूर्ण, 23 नग (76%–99%), 15 नग (51%–75%), 05 नग (26%–50%) एवं 02 नग (0%–25%) का कार्य प्रगति पर है। योजना की औसत प्रगति लगभग 75 प्रतिशत है। उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 38/2025/2620/छियत्तर–1–2025–1803110, 39/2025/2619/छियत्तर–1–2025–1612341, 40/2025/1658/छियत्तर–1–2025–1882022 एवं 41/2025/1659/छियत्तर–1–2025–1882029 के क्रम में 90 से 100 प्रतिशत तथा 80 से 90 प्रतिशत पूर्ण योजनाओं के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में प्राथमिकता के आधार पर फर्म द्वारा योजना के अवशेष कार्यों को कराया जा रहा है। अवशेष कार्यो को दिसम्बर–2027 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।





अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**(एस0एस0 परमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**

# UPJNR PRAYAGRAJ

@upjnrprayagraj

UP JAL NIGAM(RURAL) PRAYAGRAJ

PRAYAGRAJ   Joined February 2026

**9** Following   **10** Followers

Followed by UPJNR Ayodhya

**Posts**   Replies   Media

**UPJNR PRAYAGRAJ** @upjn... · 3m

🚰 उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की ओर से प्रयागराज जनपद में जल जीवन मिशन की प्रगति पर आधिकारिक सूचना।
👉 जनपद प्रयागराज के कुल 2689 ग्रामों में से 50 ग्राम नगर निगम छेत्र अन्तर्गत है, 01 ग्राम 100 से कम जनसंख्या वाली है एवं 569 ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित। Show more





1   2   4

UPJNR PRAYAGRAJ reposted

**राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,...** · 1d